September 2021, Hindi

कोरोनावायरस का टीका
– Spikevax (स्पाइकवैक्स) (Moderna) (मॉडर्ना)

आपको यह टीका लगाते समय दी जाने वाली जानकारी

नोवल कोरोना वायरस के कारण श्वसन तंत्र में संक्रमण हो जाता है। बहुत से लोगों में या तो हल्के या फिर कोई भी लक्षण नहीं मिलते हैं, लेकिन कुछ लोग गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं। बुजुर्ग, और जिन्हें पहले से ही कुछ अन्य बीमारियां हैं, उन्हें गंभीर बीमारी लगने या मृत्यु होने का सबसे बड़ा खतरा है। कोरोना वायरस का टीका कोविड-19 बीमारी से बचाव करता है। जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करना ही मुख्य लक्ष्य है।

कोरोना वायरस का टीका किसे लगाया जाना चाहिए?

- जिन लोगों को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम से यह टीका लगवाने की सलाह दी जाती है, उन्हें यह टीका प्राथमिकता कतार में उनकी बारी आने पर लगाया जाएगा।
- टीका मुफ़्त है और स्वैच्छिक है। इसे नॉर्वे में रहने वाले लोगों के लिए पेश किया जाएगा।

मैं टीका कैसे लगवाऊं?

टीका किसे दिया जा रहा है, टीकाकरण कैसे आयोजित किया जा रहा है और यह कब लगाया जाएगा, इसकी जानकारी के लिए अपनी नगर पालिका की वेबसाइट देखें।

यह टीका कैसे लगाया जाता है?

टीका बांह के ऊपरी हिस्से में लगाया जाता है। टीकाकरण से पहले, आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप अच्छा महसूस कर रहे हैं और क्या आपको पहले से लगाए गए अन्य टीकों से प्रतिक्रिया हुई थी। यह बताना याद रखें कि क्या आपको पहले कोविड-19 हो चुका है या पहले कोरोना वायरस का टीका लग चुका है, आप गर्भवती हैं, आपको कोई एलर्जी है, दवा खा रहे हैं या अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हैं। अपने समूह पर लागू होने वाली डोज़ की संख्या और अंतराल के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें। इसमें टीकाकरण केंद्र आपकी मदद कर सकता है। निर्धारित समय पर डोज़ लेना महत्वपूर्ण है। गंभीर बीमारी और 38 डिग्री सेल्सियस से ज़्यादा बुखार होने पर टीकाकरण स्थगित करना आम बात है। टीकाकरण के बाद, आपको कम से कम 20 मिनट तक टीकाकरण स्थल पर प्रतीक्षा करने के लिए कहा जाएगा।

यह टीका कैसे काम करता है?

टीके में कोरोना वायरस के स्पाइक्स का नुस्खा (मैसेंजर RNA) होता है। शरीर इन स्पाइक्स की हानिरहित कॉपियां बनाता है जिन पर प्रतिरक्षा प्रणाली कार्य कर सकती है। इस प्रकार, प्रतिरक्षा प्रणाली कोरोना वायरस स्पाइक्स को पहचानना सीखती है और वायरस से संक्रमित होने पर शरीर की रक्षा कर सकती है। मैसेंजर RNA को शरीर द्वारा जल्दी से तोड़ दिया जाता है और आनुवंशिक सामग्री पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

टीके में जीवित वायरस नहीं होता है और इसके कारण कोविड-19 बीमारी नहीं होती है। कोरोना वायरस का टीका बीमारी को रोकने का काम करता है। इससे चल रही बीमारी का इलाज नहीं किया जा सकता है।

टीके बनाने की इस पद्धति का उपयोग पहले मनुष्यों में संक्रामक रोगों के लिए नहीं किया गया है, लेकिन तकनीक ज्ञात है और इसका उपयोग कैंसर के उपचार में किया जाता है।

यह टीका कितनी अच्छी तरह से काम करता है?

टीका नोवेल कोरोना वायरस के कारण होने वाली बीमारी से बचाता है। पहली और दूसरी दोनों डोज़ लेने के बाद गंभीर बीमारी के खिलाफ सुरक्षा अधिक होती है। कोरोना वायरस से संक्रमित न होने से अच्छी सुरक्षा के लिए दो डोज़ की आवश्यकता होती है। हम अभी तक नहीं जानते हैं कि सुरक्षा कितने समय तक रहती है। अगर समय के साथ सुरक्षा कम हो जाती है, तो बूस्टर डोज़ की आवश्यकता हो सकती है। टीके संक्रमण के आगे फैलने से पूरी तरह से रक्षा नहीं करते हैं। इसलिए, वर्तमान संक्रमण नियंत्रण परामर्श का पालन करना जारी रखना महत्वपूर्ण है।

दुष्प्रभाव

अधिकांश दुष्प्रभाव टीकाकरण के बाद शुरू के कुछ दिनों में होते हैं। कोरोना वायरस के टीकों के दुष्प्रभाव अन्य टीकों की तुलना में अधिक सामान्य होते हैं। लक्षण आमतौर पर हल्के से मध्यम होते हैं और कुछ दिनों के बाद चले जाते हैं, लेकिन कुछ लोगों में अधिक गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं। बुजुर्ग लोगों की तुलना में कम उम्र के लोगों में अक्सर थोड़े अधिक गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं।

टीकाकरण वाले अधिकांश लोगों को टीके की जगह पर दर्द और सूजन होती है। अन्य आम दुष्प्रभावों में थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, ठंड लगना, मतली/उल्टी आना, बगल में सूजन और लसीका ग्रंथियों का संवेदनशील होना और बुखार शामिल हैं। डोज़ 2 के बाद ये दुष्प्रभाव अधिक सामान्य हो जाते हैं।

गंभीर दुष्प्रभाव कम हैं। दुर्लभ दुष्प्रभावों में हृदय की सूजन (मायोकार्डिटिस और पेरिकार्डिटिस) शामिल हैं। ये आमतौर पर डोज़ 2 के बाद होते हैं और अक्सर किशोरों तथा युवा वयस्कों में होते हैं। अगर गंभीर एलर्जी प्रतिक्रियाएं और हृदय की सूजन जैसे दुर्लभ दुष्प्रभाव होते हैं तो उनका इलाज किया जा सकता है। हम अब तक अज्ञात दुर्लभ दुष्प्रभावों या केवल टीकाकरण के लंबे समय बाद दिखाई देने वाले दुष्प्रभावों से इंकार नहीं कर सकते हैं।

दुष्प्रभाव होने पर मैं क्या करूं?

अगर आपको अचानक, गंभीर या लंबे समय तक लक्षण महसूस होते हैं, तो मूल्यांकन और परामर्श के लिए अपने चिकित्सक या किसी अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क करें। यह बात इसके बावजूद भी लागू होती है कि आप मानते हैं कि यह टीके के कारण है या नहीं। स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों का कर्तव्य है कि वे किसी भी ऐसी गंभीर या अचानक प्रतिक्रिया की रिपोर्ट करें, जिन पर उन्हें संदेह है कि वे टीके के कारण हैं। आप खुद भी helsenorge.no के माध्यम से सूचना भेज सकते हैं।

सशर्त स्वीकृति

इस कोरोना वायरस टीके का परीक्षण बड़े अध्ययनों में किया गया है जहां कई हजार लोगों ने टीका लगवाया है। अध्ययन अन्य टीकों की तरह ही किए गए थे, लेकिन अवलोकन का समय कम है। दवा नियामक प्राधिकरणों ने टीके को सशर्त स्वीकृति दे दी है। इसका मतलब यह है कि यह आकलन करने के लिए पर्याप्त डेटा है कि टीके का लाभ जोखिम से कहीं अधिक है, लेकिन यह कि टीका निर्माता को अध्ययन जारी रखना चाहिए और डेटा उपलब्ध होने पर दवा नियामक प्राधिकरणों को लगातार डेटा प्रदान करना चाहिए।

मुझे कौन सा टीका लगा है?

जब आपको कोरोना वायरस का टीका लगाया जाता है, तो इसे नॉर्वेजियन टीकाकरण रजिस्ट्री, SYSVAK में पंजीकृत किया जाएगा। आप अपनी जानकारी helsenorge.no पर एक्सेस कर सकते हैं।

क्या आपको और जानकारी चाहिए?

कृपया अपने चिकित्सक या अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता से पूछें या नॉर्वेजियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ हेल्थ की वेबसाइट fhi.no/cip पर जाएं।

FHI